कारक अभ्यास

नीचे लिखे वाक्यों को कोष्ठक में से सही विभक्ति चुनकर पूरा करो–

(ने, के , की , से , को , में , का ,पर , हे , अरे, वाह , [illegible])

१. राम ------ पिता ------ मृत्यु हो गई।

२. चोर ------ हथौड़े ----- ताला तोड़ा।

३. बीना ----- सोने ------ चूड़ियाँ चोरी हो गईं।

४. राहुल -------- रोहन ------ घर जाने ------ माँ ने मना किया।

५. दिल्ली ----आगरा ------जाने वाली ट्रेन ------- लूटमार हो गई।

६. दुकानदार ------ पाँच ------ नोट निकाला और श्रुति को दिया।

७. दिन ----- अधिक रात ----- पढ़ाई अच्छी होती है।

८. जीव–जन्तुओं ----- दया करना हर व्यक्ति ----- धर्म है।

९. नर्स ----- मरीज़ की दिल ----- सेवा की।

१०. ईश्वर ----- कृपा ----- मेरी माँ जल्दी ठीक हो गईं।

११. सब्ज़ियों ----- धोकर खाने ----- रोग नहीं होते।

१२. लाल बाग ----- फूलों ------ सुंदरता देखते ही बनती है।

१३. मेरे मित्र ----- कुत्ता घर ------ भाग कर जंगल ------ छिप गया।

१४. लीला --- शीला------ उसकी घड़ी वापिस दे दी।

१५. बच्चों ----- आग ----- नहीं खेलना चाहिए।

१६. लक्ष्मीबाई ----- युद्ध ----- अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए।

१७. हमारी गर्मी ------ छुट्टियाँ अप्रैल ----- शुरू होंगी और स्कूल जून ----- खुलेगा।

१८. ----- भगवान , यह तुमने क्या किया ?

१९. -----, मेरे पैसे बटुए ----- कैसे निकल गए ?

२०. -------- , इतनी बढ़िया खबर सुना कर तुमने मेरा दिल खुश कर दिया।